भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
27.11.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 394 का उत्तर

रेलगाड़ियों में बिस्तरों की सफाई का अभाव

394. श्री कुलदीप इंदौरा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे द्वारा यात्रियों को उपलब्ध कराए जाने वाले बिस्तरों की सफाई नहीं की जाती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा यात्रियों को स्वच्छ बिस्तर उपलब्ध कराकर आराम और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ग) क्या ऊनी कंबलों को महीने में केवल एक बार धोया जाता है, जबकि यात्री बुनियादी स्वच्छता मानकों को पूरा करने वाले बिस्तर के लिए भुगतान कर रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो भारी ऊनी कंबलों को हल्के और रखरखाव में आसान विकल्पों से बदलने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल वातानुकूलित शयनयान श्रेणियों में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों को बेहतर अनुभव के लिए नवीनतम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए स्वच्छ, अच्छी तरह इस्त्री किए हुए अच्छी गुणवत्ता के लिनेन/बेडरोल मुहैया कराने का हर संभव प्रयास करती है। गाड़ी यात्रा के दौरान यात्रियों को उपलब्ध कराए गए लिनेन को प्रत्येक बार उपयोग के बाद मशीनीकृत लॉन्ड्री/धुलाई केंद्रों में धोया जाता है। साफ-सुथरे बेडरोल मुहैया कराकर यात्रियों की सुविधा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलों द्वारा किए गए कुछ उपाय नीचे दिए गए हैं -

- बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नए लिनेन सेटों की खरीद भारतीय मानक ब्यूरो की उन्नत विशिष्टियों जिनके सह्यता मानक अत्यंत सख्त होते हैं, के साथ की जाती है।
- स्वच्छ और स्वास्थ्यकर लिनेन सेटों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मशीनीकृत लांड्रियां स्थापित की गई हैं।
- लिनेन मदों की धुलाई के लिए मानक मशीनों और प्रतिष्ठित विनिर्दिष्ट रसायनों का उपयोग किया जाता है।
- लॉन्ड्री परिसरों में लिनेन धोने संबंधी कार्यकलापों की निगरानी सीसीटीवी और रेलवे कर्मचारियों द्वारा की जाती है। स्वच्छ लिनेन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा नियमित जांचें भी की जाती हैं।
- व्हाइटो-मीटर का उपयोग धुली हुई लिनेन मदों की गुणवत्ता की जांच के लिए किया जाता है।
- लिनेन मदों की जीवट आयु को पूर्व में निर्धारित अवधि से घटा दिया गया है ताकि नई लिनेन मदों को शीघ्र शामिल किया जा सके।
- लिनेन/बेडरोल संबंधी शिकायतों सहित रेल मदद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की निगरानी/त्वरित कार्रवाई के लिए क्षेत्रीय मुख्यालयों और मंडल स्तरों पर वॉर-रूम स्थापित किए गए हैं।
- बेड रोल की पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग।
- स्टेशनों और गाड़ियों में लिनेन/बेडरोल के भंडारण, परिवहन, लदान और उतराई के लिए बेहतर संभार तंत्र।
- आरएसी वाले यात्रियों को भी सवारी डिब्बे में यात्रा करने वाले अन्य सदाशयी यात्रियों के समान संपूर्ण लिनेन सेट प्रदान किया जाता है।

गाड़ी यात्रा के दौरान यात्रियों को दिए गए कंबलों को महीने में कम से कम एक बार धोया जाता है। यात्रियों को बेड रोल किट में एक अतिरिक्त चादर भी प्रदान की जाती है ताकि इसे प्रदान किए गए कंबलों के कवर के रूप में उपयोग किया जा सके।

भारतीय रेल में वर्तमान विशिष्टियों के अनुसार उपयोग किए जाने वाले कंबल हल्के, धोने में आसान होते हैं और सम्पूर्ण आरामदायक यात्रा अनुभव के लिए यात्रियों को अच्छा रोधन प्रदान करते हैं।

****